**प्रादेशिक समाचार**

**दिनांक– 10.06.2025 (दोपहर–1310 बजे)**

**मुख्य समाचार**

1. **नरेन्द्र मोदी सरकार के 11 साल पूरे होने पर राज्य में कई कार्यक्रमों का आयोजन, पूर्व केन्द्रीय मंत्री स्मृति ईरानी ने प्रदेश भाजपा कार्यालय में आयोजित प्रदर्शनी का किया उदघाटन, गिनायी केन्द्र की उपलब्धियां।**

2. **भाजपा का प्रतिनिधिमंडल राज्यपाल से मिला, बोकारो की कांग्रेस विधायक श्वेता सिंह की सदस्यता रद्द करने की मांग, विधानसभा चुनाव में हलफनामे में गलत जानकारी देने का है आरोप।**

3. **राज्य में आज से शुरु हुआ नशामुक्ति जागरुकता अभियान, 26 जून तक चलने वाले इस राज्यव्यापी अभियान का रांची से मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने किया शुभारंभ।**

4. **हजारीबाग डिटेंशन सेंटर से फरार तीनों बांग्लादेशी नागरिकों को पश्चिम बंगाल सीमा से पुलिस ने किया गिरफ्तार, कल चकमा देकर हो गये थे फरार।**

***********************

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पिछले ग्यारह वर्षों में भारत के रक्षा क्षेत्र में हुए उल्लेखनीय परिवर्तन पर प्रकाश डाला है। एक सोशल मीडिया पोस्ट में प्रधानमंत्री ने कहा कि रक्षा उत्पादन में आधुनिकीकरण और आत्मनिर्भरता हासिल करने पर ध्यान केंद्रित किया गया है। उन्होंने कहा कि यह देखना उत्साहजनक है कि कैसे भारत के लोग राष्ट्र को मजबूत करने के साझा संकल्प के साथ एकजुट हुए हैं।

***********************

केन्द्र में मोदी सरकार के 11 साल पूरे होने पर राज्यभर में कई कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इस सिलसिले में आज पूर्व केन्द्रीय मंत्री स्मृति इरानी रांची पहुंची हैं। उन्होंने प्रदेश भाजपा कार्यालय में आयोजित प्रदर्शनी का उदघाटन किया। बाद में प्रेस कांफ्रेंस में उन्होंने कहा कि भारत ने पिछले 11 वर्षों में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में महत्वपूर्ण विकास और सुशासन देखा है।

***********************

देश में पिछले एक दशक के दौरान सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण नीतियों के तहत उल्लेखनीय प्रगति हुई है। आकाशवाणी समाचार पिछले 11 वर्षों में प्रमुख क्षेत्रों में सरकार के प्रयासों और उपलब्धियों पर विशेष फीचर सारित कर रहा है। इस कड़ी में आज हम पर्यावरण संरक्षण पर ध्यान देते हुए विकास प्रयासों का उल्लेख कर रहे हैं

***********************

भारतीय जनता पार्टी ने कहा है कि राज्य में अनुसूचित जाति की स्थिति बेहद खराब है। पार्टी प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने रांची में पत्रकारों से बातचीत में कहा कि राज्य के वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर द्वारा इस सिलसिले में पत्र लिखने के बाद भी मुख्यमंत्री की ओर से कोई कदम नहीं उठाया जाना सरकार के असंवेदनशील होने का प्रमाण है।

***********************

बोकारो विधायक श्वेता सिंह की सदस्यता रद्द करने की मांग तेज हो गई है। इस सिलसिले में भाजपा के एक प्रतिनिधिमंडल ने आज राजभवन जाकर राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार से मुलाकात की। प्रतिनिधिमंडल में प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह, पूर्व विधायक बिरंची नारायण, भानु प्रताप शाही और राज्यसभा सदस्य आदित्य साहु शामिल थे। श्वेता सिंह पर विधानसभा चुनाव के दौरान हलफनामें में गलत जानकारी देने का आरोप है। भाजपा ने राज्यपाल से श्वेता सिंह के खिलाफ तत्काल कार्रवाई करने की मांग की।

***********************

राज्य में आज से नशामुक्ति जागरुकता अभियान की शुरुआत की गयी है। 26 जून तक चलने वाले इस अभियान का शुभारंभ रांची से मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने किया। इस दौरान उन्होंने हरी झंडी दिखाकर जागरुकता रथ को रवाना किया। राज्य के अन्य जिलों में भी जागरुकता अभियान चलाया जायेगा। हजारीबाग में भी उपायुक्त शशि प्रकाश सिंह ने नशामुक्ति के खिलाफ जागरुकता रथ को रवाना किया। इस मौके पर उन्होंने नशा उन्मूलन के लिए प्रभावी कदम उठाने पर बल दिया।

***********************

हजारीबाग डिटेंशन सेंटर से फरार 3 बांग्लादेशी नागरिकों को हजारीबाग पुलिस ने पकड़ लिया है। पुलिस मुख्यालय ने तीनों के पकड़े जाने की पुष्टि की है। तीनों फरार नागरिकों को पश्चिम बंगाल से पकड़ा गया है। दोपहर तक तीनों को हजारीबाग लाया जा सकता है।

**********************

देश की आंतरिक सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत बनाने के लिए और देश के आम नागरिकों को जागरूक करने के लिए गढ़वा जिले में दूसरे चरण का प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरु किया गया है।

**********************

आज मिले–जुले वैश्विक संकेतों के बीच घरेलू बेंचमार्क सूचकांकों में तेजी रही। आखिरी रिपोर्ट आने तक सेंसेक्स 82 हजार 466 पर कारोबार कर रहा था, जबकि निफ्टी 25 हजार 126 पर कारोबार कर रहा था।

**********************

सर्राफा बाजार में आज रांची में 22 कैरेट सोने का भाव नवासी हजार पांच सौ रुपये प्रति दस ग्राम है जबकि चांदी की कीमत एक लाख तेरह हजार रुपये प्रति किलो है।

**********************

मौसम विभाग ने 15 जून तक दक्षिण–पश्चिम मानसून के झारखंड में प्रवेश करने की संभावना व्यक्त की है। मौसम विज्ञान केन्द्र रांची के अनुसार मानसून का प्रवेश संताल परगना के रास्ते होगा। मौसम विभाग ने अपने पूर्वानुमान में आज रांची, लोहरदगा और सिंहभूम समेत मध्य और दक्षिणी हिस्सों में तेज हवा के साथ बारिश की संभावना व्यक्त की है। इसे लेकर विभाग ने अलर्ट जारी किया है। मौसम केन्द्र का अनुमान है कि इस दौरान 30 से 40 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवा चलेगी। 12 से 14 जून तक राज्य के लगभग सभी जिलों में तेज हवा के साथ बारिश और वज्रपात की संभावना जतायी गयी है।

**********************

हजारीबाग में आयोजित 19वीं सब जूनियर राज्य स्तरीय खो खो प्रतियोगिता में रांची जिला की टीम ने शानदार प्रदर्शन किया। बालिका वर्ग में रांची ने फाइनल में खूंटी को 5 अंकों से हराकर खिताब अपने नाम किया जबकि बालक वर्ग में रांची की टीम उपविजेता रही।

*******समाप्त**************